भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3382
31 मार्च, 2023 को उत्तरार्थ

विषय: बाजार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत निधि

3382 श्री राम नाथ ठाकुर:
श्री जावेद अली खान:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2022-23 के दौरान अब तक बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के अंतर्गत आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और साथ ही वर्ष 2023-24 के लिए कितना आवंटन किया गया है;

(ख) वर्ष 2022-23 के दौरान विभिन्न राज्य सरकारों से केंद्र सरकार को एमआईएस के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है, तथा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के संबंध में तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2022-23 के दौरान अब तक आलू और प्याज के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी नुकसान की क्षतिपूर्ति राशि में से केंद्र के हिस्से की राशि का राज्य-वार और उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के संबंध में जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के तहत राज्यों को निधियां आवंटित नहीं की जाती हैं। इसके बजाय, एमआईएस के कार्यान्वयन पर होने वाले नुकसान के केंद्रीय हिस्से की प्रतिपूर्ति राज्य सरकारों/राज्य एजेंसियों से प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों के अनुसार की जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर वर्ष 2022-23 मौसम में एमआईएस के तहत 10,00,000 मीट्रिक टन आलू की खरीद की संस्वीकृति प्रदान की गई है। महाराष्ट्र सरकार ने वर्ष 2022-23 के लिए एमआईएस के तहत प्याज खरीद का प्रस्ताव नहीं भेजा है। वर्ष 2022-23 के दौरान एमआईएस के तहत विभिन्न राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्ताव और स्वीकृत संस्वीकृति का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

अनुबंध-।

क्र.सं.	वर्ष	संस्वीकृत अवधि	जिंस	राज्य	बाजार हस्तक्षेप मूल्य (एमआईपी) (रूपए प्रति एमटी में)	संस्वीकृत मात्रा (एमटी में)
1	2022-23	07.06.2022 से 06.07.2022	लहसुन	राजस्थान	29,570	1,07,836
2	2022-23	07.06.2022 से 06.07.2022	प्याज	राजस्थान	7,780	2,56,400
3	2022-23	27.07.2022 से 25.08.2022	'सी' ग्रेड सेब	हिमाचल प्रदेश	12,960	1,44,936
4	2022-23	27.07.2022 से 25.08.2022	आम	हिमाचल प्रदेश	11,700	1,250
5	2022-23	10.03.2023 से 08.04.2023	आलू	उत्तर प्रदेश	6,500	10,00,000
6	2022-23	22.03.2023 से 20.04.2023	हल्दी	कर्नाटक	66,940	22,006

****